**एक नजर में**

## जनसुनवाई के आवेदनों पर एक्शन

**गुना।** जनपद पंचायत बमोरी की ग्राम पंचायत विश्वनगर में ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में दिए गए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद बमोरी पुष्पेंद्र व्यास ने आज प्रशासनिक टीम के साथ सीधे मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की बिजली और पेयजल संबंधी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान आदिम जाति विभाग के जिला संयोजक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और विद्युत विभाग के सहायक यंत्री सहित कई तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि राम जानकी मंदिर मोहल्ले के करीब 35 घरों में विद्युत लाइन न होने से लोग बिजली और पानी के लिए परेशान हैं। इस पर बिजली विभाग के सहायक यंत्री ने बताया कि सर्वे से छूटे इस क्षेत्र को जोड़ने का प्रस्ताव भेज दिया गया है।

## नशा सप्लाई करने वाला आरोपी भी गिरफ्तार

**गुना।** कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने साढ़े अट्ठाईस किलो गांजा तस्करी के मामले में फरार मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि 20 मई 2026 को कैंट पुलिस ने हाईवे बाईपास से बोलेरो और मोटरसाइकिल से गांजा ले जाते हुए पिता-पुत्र भैयालाल साहू और विनोद साहू (निवासी पिपरौदा खुर्द) को साढ़े अट्ठाईस किलो गांजे के साथ दबोचा था। आज मुखबिर की सूचना पर मुस्तैद कैंट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार मुख्य आरोपी राजेंद्र उर्फ रिंकू शर्मा (42 वर्ष), निवासी गौड़ मोहल्ला कोलारस (शिवपुरी) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग, हेमंत की कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नसीहत

## सिंधिया समापन पर पढ़ाएंगे संगठन का पाठ : नेतृत्व की सोच और विचारधारा पर गंभीरता से गौर करें कांग्रेसी

नवभारत न्यूज

**गुना 22 मई का। मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एबी रोड स्थित एक निजी परिसर में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ करने गुना पहुंचे। उन्होंने पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यक्रम शुरुआत की घोषणा की। खंडेलवाल ने कार्यकर्ता निर्माण और पार्टी की विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए खंडेलवाल ने संगठन की मजबूती पर जोर देने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी सीख दे डाली।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें अपने शब्दों पर नियंत्रण रखने की नसीहत दी है। उन्होंने राहुल गांधी के बयानों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि किसी भी राजनैतिक दल के नेता को विश्वभर में लोकप्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री के प्रति अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इस प्रकार के आचरण की जितनी निंदा की जाए वह कम है। खंडेलवाल ने कांग्रेस के आंतरिक नेतृत्व पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आज ऐसी स्थिति बन चुकी है जहाँ कांग्रेस के हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को अपने शीर्ष नेतृत्व की सोच और कार्यप्रणाली पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। इस प्रशिक्षण वर्ग में





जिले भर से भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

### केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज गुना आएंगे

प्रशिक्षण का समापन शनिवार को होगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पण का पाठ पढ़ाएंगे। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शनिवार, 23 मई 2026 को गुना जिले के भ्रमण पर रहेंगे। उनके इस अल्पप्रवास को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 23 मई को शिवपुरी से प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 12:30 बजे गुना पहुंचेंगे, जहां वे आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। विभिन्न आयोजनों के बाद, वे दोपहर 01:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## यही है जागीर अपनी गुना की तो, किसी और को थोड़ी धंसने देंगे

अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले गुना विधायक पन्नालाल शाक्य एक बार फिर चर्चाओं में रहे। दरअसल, प्रशिक्षण वर्ग के दौरान लगी प्रदर्शनी के लोकार्पण के समय जब फीता काटा जा रहा था, तब विधायक पन्नालाल शाक्य थोड़े पीछे रह गए थे। उन्हें पीछे देख जब प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने पूछा कि विधायक जी कहां रह गए ?, तो अपने चिरपरिचित अंदाज में पन्नालाल शाक्य तपाक से बोले- मैं तो यहीं रहूंगा। यही है जागीर अपनी गुना की तो। और किसी को थोड़ी धंसने देंगे। विधायक के इस दिलचस्प और बेबाक बयान पर प्रदेश अध्यक्ष भी मुस्कुरा दिए और चुटकी लेते हुए बोले— आज तो स्मार्ट लग रहे हो।

**प्रदर्शनी में दिखी भाजपा के इतिहास की झलक**

भाजपा के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रम स्थल पर एक विशेष और भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसका लोकार्पण प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस प्रदर्शनी में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना काल से लेकर अब तक के सफर को बेहद आकर्षक ढंग से दशार्या गया है। केंद्र सरकार द्वारा देशहित में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों, विशेषकर जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने जैसे साहसिक कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक रहे सभी राष्ट्रीय अध्यक्षों के योगदान और उनकी जानकारी को रेखांकित किया गया है। इन सबके साथ ही गुना जिला भाजपा द्वारा समय-समय पर क्षेत्र में किए गए विभिन्न जनसेवा और विकास कार्यों को भी इस प्रदर्शनी में प्रमुखता से स्थान दिया गया है।

## कुपोषित बच्चों-गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच का सत्यापन



नवभारत न्यूज

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेशार्नुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर और जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार द्वारा आरोग्य केंद्र धमनार, आंगनबाड़ी केंद्र हिनोतिया तथा आरोग्य केंद्र हिनोतिया का संयुक्त भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान आयोजित 'ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस' में गर्भवती महिलाओं, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, रेफरल, फॉलोअप और टीकाकरण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने केंद्रों पर आयरन फॉलिक एसिड, कैल्शियम काबोर्नेट, विटामिन-डी3, ओआरएस सहित सभी आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे समस्त गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल पर समग्र आईडी के माध्यम से तथा पोषण ट्रैकर पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान कुपोषित बच्चों के वजन व लंबाई तथा गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप का सत्यापन भी किया गया। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत गंभीर बच्चों को एनआरसी तथा उच्च जोखिम वाली महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर करने के निर्देश एएनएम और कार्यकर्ताओं को दिए गए।

## ताबड़तोड़ कार्रवाई : तीन थानों की घेराबंदी में तीन तस्कर गिरफ्तार

**गुना। जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी और नशे के काले कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए गुना पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में मृगवास, मधुसूदनगढ़ और जामनेर पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाहियां करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**




पुलिस ने इनके कब्जे से करीब साढ़े चार किलोग्राम गांजा और गांजे के 15 नग हरे पौधे जप्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत मोटरसाइकिल सहित लगभग 2 लाख 20 हजार रुपये है। पहली कार्रवाई मृगवास थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सानई-मृगवास रोड स्थित पीपलखेड़ी तालाब के पास की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर अपाचे मोटरसाइकिल पर आ रहे संदिग्ध तेजकरण मीना (21 वर्ष), निवासी कुंभराज को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 1.233 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित 2 लाख रुपये का मशरूका जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्रवाई में मृगवास थाना प्रभारी संदीप यादव और सानई चौकी प्रभारी नीरज लोधी सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। दूसरी कार्रवाई में मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तोरई रोड से घेराबंदी कर आरोपी गोपाल यादव (48 वर्ष) को पकड़ा, जिसके कब्जे से 1.115 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। वहीं, तीसरी कार्रवाई जामनेर थाना पुलिस ने की, जहाँ मुखबिर की सूचना पर ग्राम केरगढ़ में दबिश देकर आरोपी करण सिंह भील (69 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अपने घर के पास खोड़ा में अवैध रूप से गांजे की खेती कर रखी थी, जहाँ से पुलिस ने गांजे के 15 हरे पौधे जप्त किए। गुना पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त तत्वों के खिलाफ यह कठोर अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## मछली पकड़ने गए युवक की मौत के मामले में एसपी से गुहार



### परिजनों ने दोस्तों पर जताया हत्या करने का संदेह

**गुना।** शहर के नजदीक मंगवार रोड स्थित गिट्टी क्रेशर खदान के तालाब में 14 मई को हुई कोल्हुपुरा निवासी 40 वर्षीय राजू केवट की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। घटना के आठ दिन बाद, 22 मई को मृतक की पत्नी और पिता सहित परिजनों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़ित परिवार ने पुलिस की अब तक की शिथिल कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए राजू के दोस्तों पर हत्या का सीधा आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार, राजू अपने चार-पांच दोस्तों के साथ मछली पकड़ने गया था, जिसके बाद उसका शव तालाब में तैरता मिला। मृतक की बहन का दावा है कि राजू के सिर पर दो गहरे और गंभीर घाव के निशान हैं, जो मारपीट और हत्या की ओर इशारा करते हैं। उनका आरोप है कि संदेह के आधार पर पकड़े गए दोस्तों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इधर, पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का सटीक खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा, फिलहाल संदेही दोस्तों से पूछताछ और मामले की जांच जारी है।

## बंदियों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

**गुना।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेशार्नुसार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना त्रिपाठी के मार्गदर्शन में उपजेल चांचौड़ा का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी द्वारा संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदी बैरकों का भ्रमण कर वहां बंदियों से मुलाकात की और उन्हें उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

## किसानों के लिए अच्छी खबर : खाद के लिए अब घर बैठे ई-विकास से बुक होगा टोकन

नवभारत न्यूज

**गुना।** आगामी खरीफ सीजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। गुना जिले में किसानों को बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध कराने के लिए 'ई-विकास प्रणाली' के माध्यम से लगातार सुचारू व्यवस्था बनाई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, वर्तमान में जिले में यूरिया 8703 मीट्रिक टन, टीएसपी 1397 मीट्रिक टन, एनपीके 4826 मीट्रिक टन, एसएसपी 3375 मीट्रिक टन और एमओपी 110 मीट्रिक टन खाद वितरण के लिए पूरी तरह उपलब्ध है। वहीं, अब तक हजारों मीट्रिक टन खाद किसानों को बांटी भी जा चुकी है। अब किसानों को खाद के लिए लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं है। किसान भाई सुबह 7 बजे से ही 'ई-विकास प्रणाली' पर जाकर ऑनलाइन ई-टोकन बुक कर सकते हैं। इसके बाद वे अपनी सुविधानुसार सोसाइटी, डबल लॉक केंद्र या निजी विक्रेताओं से खाद खरीद सकते हैं। टोकन बुक करते समय किसान आईसीएआर द्वारा अनुशंसित मात्रा के आधार पर ही अपनी वास्तविक फसल के लिए खाद का चयन करें। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पारंपरिक डीएपी खाद के स्थान पर 'एनपीके' उर्वरक का उपयोग फसलों के लिए कहीं अधिक प्रभावी और फायदेमंद साबित होता है। यह आसानी से उपलब्ध होने के साथ-साथ पारंपरिक यूरिया के समान ही असरदार है और इसे ले जाना भी बेहद आसान है। वैश्विक स्तर पर विषम परिस्थितियों के बावजूद भारत सरकार द्वारा प्रदेश में खाद की आपूर्ति बिना किसी बाधा के निरंतर की जा रही है, जिससे इस सीजन में किसानों को बंपर पैदावार मिलने की उम्मीद है।

## ग्राम पगारा के किसान की बेटी ने जयवर्धन सिंह को दिया चैलेंज

**गुना। मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री और गुना जिले की राघौगढ़ विधानसभा से विधायक जयवर्धन सिंह ने अपने क्षेत्र के ग्राम पगारा का दौरा कर प्रगतिशील कृषक पीतम लोधा की उन्नत खेती का जायजा लिया। इस दौरान किसान की होनहार बेटी पायल लोधा की रचनात्मकता और अनोखे 'बुद्धि के घड़े' ने पूर्व मंत्री का दिल जीत लिया।**



दरअसल, पायल लोधा ने जयवर्धन सिंह को एक खास मिट्टी का घड़ा उपहार स्वरूप दिया। इस घड़े के भीतर एक साबुत कद्दू फंसा हुआ था। पायल ने जयवर्धन सिंह को चुनौती दी कि वे मटका तोड़े बिना इस कद्दू को बाहर निकालकर दिखाएं। इस मजेदार चुनौती जयवर्धन पूरा तो नहीं कर सके, लेकिन पायल की चतुराई से प्रभावित होकर उन्होंने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। जयवर्धन ने दर्शकों से अपील की है कि जो भी घड़े को बिना नुकसान पहुंचाए कद्दू बाहर निकालने की सही तरकीब बताएगा, उसे वे उचित इनाम देंगे। आपको बता दें कि पगारा गांव के पीतम लोधा बिना पॉलीहाउस के 8 बीघा में गुलाब, गेंदा और सब्जियां उगाकर पारंपरिक खेती से हटकर बंपर मुनाफा कमा रहे हैं, जानकारी मिलने पर राघौगढ़ विधायक किसान के नवाचारों से रूबरू होने पहुंचे थे। तभी किसान की बेटी ने उन्हें यह अनोखी और रोचक चुनौती दे डाली।

## लापता युवक का पहाड़ी पर पेड़ से लटका मिला शव

**गुना।** बमौरी थाना क्षेत्र के ग्राम मूंदोल की पहाड़ी पर बने मंदिर के पास गुरुवार दोपहर एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक पिछले तीन दिनों से लापता था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बमोरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की पहचान लक्ष्मण किरार के रूप में हुई है, जो झागर चौकी क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ी का निवासी था। लक्ष्मण कुछ दिन पहले मूंदोल गांव में रहने वाली अपनी बहन के घर आया हुआ था।

**बैठक** सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए निर्देश; लापरवाही पर लगेगा जुर्माना

# उपलब्ध संसाधनों में अच्छा करने का जज्बा रखें अधिकारी : कलेक्टर



**गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 के तहत गठित विशेष सेल एवं जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम गुना शिवानी पाण्डे सहित समस्त सीएमओ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि जिस प्रकार स्वच्छता हमारी दिनचर्या का हिस्सा है, उसी प्रकार यह हमारे आसपास, मोहल्लों एवं वार्डों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे उपलब्ध संसाधनों में ही बेहतर कार्य करने का जज्बा रखें। बैठक में गीले, सूखे, घरेलू एवं ई-वेस्ट कचरे के पृथक्करण पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कचरा परिवहन करने वाले वाहन पूर्णत: ढके हुए हों तथा कहीं भी खुले में कचरा न फेंका जाए। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध फाइन लगाकर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही पुराने कचरा कलेक्शन पॉइंट को चिन्हित कर उन्हें सेल्फी पॉइंट के रूप में विकसित किया जाए। स्वच्छता दूतों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर हेल्थ कैंप आयोजित करने तथा उन्हें मास्क, ग्लव्स, पानी की बोतल, शूज एवं बैग सहित आवश्यक सुरक्षा किट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अमानक पॉलिथीन के विरुद्ध नियमित छापामार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा बल्क वेस्ट जनरेटर के लिए निर्धारित मानकों के कड़ाई से पालन पर चर्चा की।

### गंगा दशहरा पर निकलेगी कलश यात्राएं

**गुना।** परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर आगामी 25 मई 2026 को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रदेश की लगभग 10 हजार पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भव्य जल गंगा कलश यात्राएँ निकाली जाएंगी। इस महाअभियान के दौरान गाँवों की प्राचीन जल संरचनाओं जैसे कुएं, बावड़ी, सरोवर और तालाबों का जीर्णोद्धार व साफ-सफाई कर उनका पूजन किया जाएगा। इस जन अभियान में परिषद के नवांकुर नेटवर्क के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे।

## युवक पर सरियों से हमला कर 28 हजार रुपए लूटे, भुल्लनपुरा तिराहे की घटना

**गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत भुल्लनपुरा तिराहे स्थित एटीएम के पास शुक्रवार देर रात एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट और लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। तीन से चार अज्ञात बदमाशों ने युवक पर लोहे के सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और उसकी जेब में रखे 28 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। भुल्लनपुरा निवासी अमर दिप्पल रात करीब 12 बजे सराफा बाजार में एक व्यापारी को अपने पिता द्वारा दिए गए 28 हजार रुपए लौटाने गया था। व्यापारी से मुलाकात न होने के कारण अमर रकम वापस लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने उसे घेर लिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उस पर सरिए की छड़ से जानलेवा हमला किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। इसके



बाद बदमाश उसकी जेब से नगदी निकालकर रफूचक्कर हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिजन तुरंत घायल युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़ित युवक का दावा है कि हमलावर पेशेवर बदमाश हैं और उन पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया है। परिजनों का कहना है कि वारदात के बाद भी अब तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## रास्ता विवाद का मौके पर कराया राजीनामा

**गुना।** बमोरी तहसील की ग्राम पंचायत सिमरोद (लीलाझरी) में सार्वजनिक रास्ते का विवाद मौके पर ही सुलझाया गया। ग्रामीणों ने जनसुनवाई में शिकायत की थी कि किसान प्रेमसिंह लोधा ने शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 61 से निकलने वाले पारंपरिक मार्ग को रोक दिया था। यह रास्ता बच्चों के स्कूल जाने, ग्रामीणों के शांतिधाम पहुंचने और किसानों की बुआई के लिए बेहद जरूरी था, जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई थी। मोबाइल कोर्ट ने दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति से राजीनामा कराया। मौके पर चूना लाइन डलवाकर सीमांकन किया गया और जेसीबी मशीन से दोनों ओर नाली खुदवाकर मार्ग का चौड़ीकरण करते हुए रास्ता खुलवा दिया गया। इस दौरान तहसीलदार बमोरी देवदत्त गोलिया, हल्का पटवारी दिनेश पटेलिया, बीट गार्ड जीतेंद्र जाटव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।